# महाराष्ट्र शासन
## शिक्षण संचालनालय (उच्च शिक्षण) महाराष्ट्र राज्य,
## ४१२,ई, बहिरट पाटील चौक, मॉडेल कॉलनी,
## शिवाजी नगर, पुणे-४११०१६

फोन नं०२०/२६१२२११९, Web : www.dhepune.gov.in, E-Maill::mavi.dhepune@gov.in

क्र.: उशिसं/विभाजन विभिषिका/परिपत्रक /मवि-१/२०२५/ई. २०५६०७९ दि.११ /०८/२०२५

**परिपत्रक**

**विषयः- १४ ऑगस्ट हा दिवस विभाजन एक विभिषिका दिन म्हणून साजरा करणेबाबत.**

**वाचाः-** विद्यापीठ अनुदान आयोग यांचे पत्र क्र.D.O.No.२.४७/२०२३(CPP-II) दि.०७.०८.२०२४.

मा. पंतप्रधान श्री. नरेंद्र मोदी यांनी १५ ऑगस्ट २०२१ रोजी लाल किल्ल्यावरून आपल्या भाषणात १४ ऑगस्ट या दिवसास "विभाजन एक विभिषिका स्मृतिदिन" (Partition Horrors Remembrance Day) म्हणून साजरा करण्याची घोषणा केली होती.

२. १४ ऑगस्ट हा दिवस भारताच्या इतिहासातील सर्वात मोठ्या लोकवस्ती विभाजनाच्या संदर्भात लाखो भारतीयांच्या विस्थापनाची आठवण करून देतो, ज्यामध्ये असंख्य लोकांचे प्राण गेले आणि कोट्यावधी लोकांनी आपल्या घरा-दाराचा त्याग केला. या दिवशी लोकांनी दिलेल्या बलिदानाची आणि विभाजनाच्या वेळी झालेल्या वेदना, त्रास व दुःख यांना उजाळा देणे आणि सदर दिवसाच्या इतिहासाची युवकांना जाणीव व्हावी म्हणुन दरवर्षी १४ ऑगस्ट हा दिवस "विभाजन एक विभिषिका स्मृतिदिन" म्हणुन साजरा करण्याचे आवाहन केले आहे.

३. या पार्श्वभूमीवर, नॅशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD) यांच्यातर्फे एक विशेष नाटक तयार करण्यात आले आहे. हे नाटक विद्यार्थ्यांमध्ये जागरूकता वाढवण्यासाठी आणि विभाजन काळातील घटनांची समज निर्माण करण्यासाठी तयार करण्यात आले आहे. या नाटकाची इंग्रजी व हिंदी भाषेतील लिंक विद्यापीठ अनुदान आयोगाच्या सोबत जोडलेल्या पत्रामध्ये नमूद करण्यात आलेली आहे.

४. तरी विद्यापीठ अनुदान आयोगाने दिलेल्या निर्देशानुसार आपल्या कार्यालयाच्या संकेतस्थळावर आणि आपल्या कार्यकक्षेतील सर्व महाविद्यालयांच्या संकेतस्थळावर सदर नाटकाची लिंक अपलोड करुन प्रसारित करण्याची कार्यवाही करावी. जेणेकरून सर्वांना त्याचा सहज उपयोग करता येईल.

**सोबत**:- विद्यापीठ अनुदान आयोग यांचे दि.७.८.२०२४ च्या पत्राची प्रत.

(**डॉ. शैलेंद्र देवळाणकर**)
प्र.शिक्षण संचालक (उच्च शिक्षण)
महाराष्ट्र राज्य, पुणे -१६.

**प्रति**,

१. सर्व विभागीय सहसंचालक, उच्च शिक्षण.

२. कुलसचिव, सर्व अकृषी/अभिमत /स्वयंअर्थसहाय्यीत विद्यापीठे.

ज्ञान विज्ञान विमुक्तये
आचार्य मनिष र. जोशी
सचिव
Prof. Manish R. Joshi
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

**D.O.No.2-47/2023(CPP-II)** **07th August, 2024/ 16 श्रावण, 1946**

**Subject: Observance of Partition Horrors Remembrance Day 2024**

आदरणीय महोदया/महोदय,

As you are aware, the Hon'ble Prime Minister, in his speech on 15th August 2021 at Red Fort, declared 14th August to be observed as "Partition Horrors Remembrance Day."

The Partition Horrors Remembrance Day has been envisaged to bring to light the agony, sufferings, and pain of millions of people who were sufferers of pain. It is to remind the country about the largest displacement of human population in the last century, which also claimed the lives of a large number of people. To showcase the sufferings of the partition-affected people, a play has been curated by the National School of Drama (NSD).

The script of the play is designed to educate and raise awareness among students about the events of Partition, the impact it had on millions of lives, and the importance of remembering this chapter of our history. The script is indicative and can be adapted or modified as per the suitability and creative requirements of individual Higher Education Institutions (HEIs). The link to download the play is as under:

https://drive.google.com/drive/u/1/folders/1Eakk7hIRSOkIAmkHuytDKuAj4lg-lbHA

A copy of the script in English and Hindi is also enclosed for reference.

The Higher Education Institutions are requested to spread awareness about this play and also upload the script and link of the play on the official website of the HEI for easy access and reference.

सादर,

भवदीय,

(मनिष जोशी)

**संलग्नक: यथोपरि**

**सेवा में,**
**सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति।**
**सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य।**

Partition: A Catastrophe

Written by Dr. Prakash Jha

**Scene: A Community Gathering**

[A festive atmosphere, with people singing and celebrating.]

**Song:** Children, let's celebrate our great nation, India, a land of heroes. Embrace this soil, sacred and pure, Where countless lives were given. India, our motherland, forever to adore.

**Song:** Children, let's celebrate our great nation, India, a land of heroes. Embrace this soil, sacred and pure, Where countless lives were given. India, our motherland, forever to adore.

**Child:** Grandpa, listen to everyone singing so beautifully!

**Grandpa:** Yes, their voices fill my heart with pride. These words, they resonate deep within us.

**Child:** Why are they singing this song today, Grandpa?

? **Grandpa:** They're preparing for the commemorations of August 14th and 15th.

? **Child:** I know the 15th is Independence Day, Grandpa. But why do we observe the 14th?

? **Grandpa:** The 14th marks Partition catastrophe Remembrance Day. It's a day of remembrance and reflection.

? **Child:** GrandpaWhat does this "catastrophe of partition"mean?

**Grandfather:**

*Do you not understand the meaning of partition? If you don't understand the meaning of partition, how will you understand the meaning of a catastrophe?*

*Oh children... our country was once very large. But later, it was partitioned.*

**Child:**

*You mean it was divided?*

*Grandfather:*

Yes, it was divided, but there's a difference between dividing and partitioning. Let's say you have ten candies. How would you divide them among yourselves? You'd probably divide them equally, five for each. Now, imagine you have only one candy. What would you do?

**Child:**

*I would break it into two pieces.*

***Grandfather:****Child... breaking it, shattering it into pieces... that's what partition is. And the pain, the suffering that arises from it, that is a catastrophe.*

**Child:**

*Grandpa, I understand partition now... but this catastrophe... partition... catastrophe...*

**Grandfather:**

*Let me explain...*

**Song:**

*Come children, let us show you, a glimpse of Hindustan. Touch this soil, this land is of sacrifice. Vande Mataram... Vande Mataram...*

**Child:**

*Grandpa, please tell us in detail... how this partition happened.*

**Grandfather:**

*YesI will tell you... about the partition... the partition of our country. Pay attention... listen carefully to the historians' perspective on the partition... pay attention and try to understand. Our country was divided into two parts in the name of religion. Millions of people started to flee from one side to the other. There was chaos everywhere. Millions of people became homeless.*

**Song:**

*Where love is the eternal custom... I sing the song of that place. I am a resident of India. I tell the story of India. Where love is the eternal custom.*

**Narrator 1:**

*The partition of undivided India is a painful dark history of unprecedented human displacement and forced migration.*

**Narrator 2:**

*This was an event where millions of people were searching for new homes in completely opposite circumstances, among strangers.*

**Narrator 1:**

*Apart from being a story of a violent division based on faith and religion, it's also a story of...*

**Narrator 2:**

*How a lifestyle and an era of coexistence for many years ended abruptly and dramatically.*

**Narrator 1:**

*Approximately 6 million Hindus, Sikhs, and people from other communities left the areas that later became West Pakistan.*

**Narrator 2:**

*6.5 million Muslims left Punjab, Delhi, and many parts of India for West Pakistan.*

**Narrator 1:**

*2 million Hindus and people from other communities left East Bengal, which later became East Pakistan, and came to West Bengal.*

**Narrator 2:**

*In 1950, another 2 million Hindus and people from other communities came to West Bengal.*

**Narrator 1:**

*1 million Muslims left West Bengal for East Pakistan.*

**Narrator 2:**

*The death toll in this catastrophe is said to be around 500,000.*

**Narrator 1:**

*But the estimated figure is between five ten lakh.*

**Narrator 2:**

*It's said that this partition probably resulted in the largest number of killings in the name of religion after World War II.*

**Narrator 1:**

*Centuries-old social fabric and beliefs were broken.*

**Song:**

*These tears of pain flowing from my eyes... Life lost, friends lost...*

**Child:**

*Grandpa, their homes, their everything were taken away from them. I'm scared just listening to it.*

**Grandfather:**

*It's natural to be scared, child. Imagine the plight of those who were there at that time.*

**Child:**

*Grandpa, there must have been children like me there . What must have they faced?*

**Grandfather:**

*Yes, there were millions of children like you who saw that scene with their own eyes and still shudder when they recall it.*

**Child:**

*Please tell us more, Grandpa.*

**Grandfather:**

*I will. So listen.*

**Song:**

*Look at Bengal here, every inch is green. Every child here is ready to die for their country.*

Children, let's celebrate our great nation, India, a land of heroes. Embrace this soil, sacred and pure, Where countless lives were given. India, our motherland, forever to adore.

**Teacher:**

*Sit down.*

**Students:**

*Good morning, sir.*

**Teacher:**

*Good morning.*

**Students:**

*Sir, a request. You were telling us about the partition. You said we lost a lot. Now tell us what happened after the partition.*

**Teacher:**

*On February 20, 1947, British Prime Minister Clement Attlee announced in the House of Commons...*

**Student:** Sir, please let me tell the rest... I know about it.

**Teacher:** Yes, go ahead.

**Student 1:** So, friends... before June 30, 1948, the government...

**Teacher:** Poonam, not from there. Come here and tell everyone.

**Student 2:** Yessir. Sofriends, before June 30, 1948, the government decided to transfer power and leave India.

**Student 3:** Sir, I...

**Teacher:** Yes, go ahead.

**Student 4:** Although, due to Lord Mountbatten, the entire process was completed a year earlier.

**Student 5:** Yes, sir. Lord Mountbatten returned to New Delhi on May 31, 1947, with the approval of the transfer of power from London.

**Student 6:** I also remember... in the historic meeting of June 2, 1947, there was a broad consensus on the partition plan.

**Student 7:** Yes, sir. The decision to partitionof India was a precondition, even though There was widespread opposition for the plan of dividing a country like India on religious grounds.

**Student 1:** It is said that only those leaders were mentally prepared for this partition who saw their own interest and bright future in this partition.

**Teacher:** Wow, children, you all have so much information. Let's start the next class, but before that, let's take a short break.

Students: ok si

Vande matramvandematram...

**Speaker A:** Hey, what do you think about the partition?

**Speaker B:** I think encouraging the partition would improve society. Different communities would get their own rights.

**Speaker A:** No, no. That's not true at all. Unity is what makes a society develop. We should all come together and progress towards prosperity.

**Speaker B:** Your points are good, but the reality is that everything is possible only through partition.

**Speaker A:** No, no... We should all work together to take our country on the path of progress. And we should eradicate the horrors of partition.

**Speaker B:** What do you think... can we all collectively take on this message?

**Speaker A:** Why not? For this, we all have to stay united, and this unity is our heritage. We must cherish it.

**Speaker B:** Okay, but tell me what else happened during the partition of undivided India?

**Speaker A:** Only those who experienced it can tell you that.

Vande matram, vandematram......

Students: good afternoon sir,

**Teacher:** Good afternoon... Sit down... So, let's move on... ,A meeting of All India Muslim League was held at the Imperial Hotel in New Delhi on June 9, 1947.

**Student ():** Because of the inability or inappropriate ambitions of the Congress and many leaders at that time along with the Muslim League, this step could not be strongly opposed. The result of the conflict between Congress leader Pandit Jawaharlal Nehru and Muslim League's Jinnah was that the country had to suffer the partition.

**Student ():**ok... Sir... Sir... I know what happened next...

**Teacher:** Oh, Poonam, you know everything... Anyway, knowledge grows by sharing... please share.

**Student ():** Friends, a proposal demanding partition was passed there almost unanimously.

**Student :** In which 300 votes were in favor and only 10 against.

**Student :** And just like that, India and Pakistan were divided into two parts.

**Student :** Based on religion, the eastern part of Bengal was also divided and assimilated to Pakistan.

**Grandfather:** The widespread and cruel communal violence that took place in various parts of India in 1946 and 1947 has been written about in detail in many books. It was March 4, 1947. The police opened fire on a procession of Hindus and Sikhs.

**Narrator 2:** By morning of March 6th, all cities of Punjab, including Amritsar, Jalandhar, Rawalpindi, Multan, and Sialkot, were engulfed in the flames of riots.

**Narrator 1:** Compared to Punjab, the displacement and resettlement that continued for decades in Bengal had a completely different form.

**Narrator 2:** The people of Bengal were very unfortunate.

**Narrator 1:** Why?

**Narrator 2:** Because the people of Bengal had to face displacement twice.

**Narrator 1:** Twice?

**Narrator 2:** Yes, twice.

**Narrator 1:** First, they all had to leave their homes and go to East Pakistan.

**Narrator 2:** Then they had to flee from there and come to West Bengal.

**Narrator 2:** Brother, the authorities there underestimated the severity of the crisis caused by the partition.

**Narrator 1:** Thousands of Hindu families fled from Dhaka and its surroundings and reachedSealdah.

**Narrator 2:** They didn't reach so easily. Women were robbed of their belongings on the way. They were tormented in various ways.

**Narrator 1:** Women, children, and the elderly were treated inhumanely.

**Narrator 2:** Whether it was women, children, or the elderly, everyone was mistreated.

**Narrator 1:** Yes, it's true. Women suffered greatly during the partition.

**Narrator 2:** Millions of families were separated from their loved ones.

**Narrator 1:** Not only that, people boarded trains alive , but they arrived here as pile of corpses.

**[A child starts crying]**

**Grandfather:** Don't cry... Be quiet...

**Child:** Grandfather... What happened to those people who came from Dhaka? Whose everything was looted

**Grandfather:** It's a strange story, child. As they say, neither at home nor on the shore.

**Child:** Why is that?

**Grandfather:** When they left their homes and came back to this country, they became refugees in their own homes.

**Song:** Tears flow from the eyes, these painful currents. Life has ended, friends have been lost.

**Character 3:** So many people came to Bengal from East Pakistan that there wasn't an inch of space left in anyone's house to accommodate their relatives.

**Character 4:** The West Bengal government arranged fifteen steamers to bring refugees from Chittagong, Narayanganj, Barisal, and Chandpur to Calcutta.

**Character 3:** People had fled East Pakistan by waterway. Many boats sank. After a few days, only corpses were floating on the water surface.

**Character 3 & 4:** What was so special about the land of our share? For which we lost everything.

**Character 3:** Bengal, Punjab, Gujarat, Sindh, the fire of partition raged everywhere.

**Character 4:** The people of Sindh were displaced and came here, but we didn't get Sindh.

**Narrator 1:** Speaking of Sindh, most Sindhi families came to Rajasthan.

**[As a Sindhi family]**

**Sindhi Man:** After the partition, millions of refugees came to India from Pakistan, and Rajasthan was one of the states where a large number of refugees came.

**Sindhi Woman:**for refugees like usarranging relief and rehabilitation in Rajasthan was a big challenge.

**Sindhi Man:** With our arrival, the cultural fabric of Rajasthan also changed. We started to look different. Our culture, language, and customs all changed.

**Sindhi Woman:** In Sindh, I had a big business. Here, I couldn't even provide two square meals for my children.

**Sindhi Man:** All my shops and house were looted.

**Sindhi Woman:**

"How can we forget that night, my child? When I fled with our children in my arms."

**Sindhi Man:**

fleeing, we somehow reached a distant relative's place in Bikaner, Rajasthan."

**Sindhi Woman:**

"Many of our relatives were scattered along the way. We haven't seen them since. Some ended up in Jhunjhunu."

**Sindhi Woman:**

"How long could they keep us? In the end, we had to come to a refugee camp. Whounderstands better than us, how a happy family, a village, a city can be destroyed?"

**Child:**

"People from Pakistan fled towards Jammu & Kashmir, Punjab, Gujarat, Bengal, Rajasthan in millions "

*Both the elderly couple break down and weep.*

**Song:**

*Tears stream from our eyes, these painful currents. A life broken, lost companions.*

**Child:**

"Grandfather, I can't listen to it anymore..."

**Grandfather:**

Yes, my child... This dark chapter of our nation's history is so painful that no one can bear to hear it. It's a heart-wrenching event... you are just a child, hearing this even a stone-hearted person would have a change of heart, ... Now,i will tell you something that we must do now.

**Narrator 1 & 2:**

Where every morning used to dawn with smiles... The sight there turned even tears into blood...

**Characters 3 & 4:**

Ther painof your weight on the shoulders is not much... When weighed against fear, war, and cruelty...

**Character 1:**

I offer my deepest respects to millions of Indians who lost their lives in the catastrophe of Partition and suffered the pain of displacement.

**Character 2:**

To safeguard the unity and integrity of India, we all must learn to strive together.

**Character 3:**

In the political game of Partition, poison was instilled in the minds of one brother against another.

**Character 4:**

Because of this poison, humans cut down humans, humans divided humans, humans lost humans. And our undivided India was divided.

**Grandfather:** let bygones be bygones, lets listen to what our esteemed prime minister has to say.

**PM's voice**

"The pain of the country's partition can never be forgotten. Due to hatred and violence, lakhs of our sisters and brothers were displaced, and many even lost their lives. In memory of the struggle and sacrifice of those people, we have decided to observe 14th August as 'VibhajanVibhishika Diwas'

**Character 1:**

"If anyone among us tries to deceive us based on religion or caste, or if anyone tries to mislead us, we must not be swayed."

**All:**

"We must not be swayed."

**Character 1:**

"We must keep India united."

**All:**

"We must keep India united."

**Character 4:**

"We will not fall for any political trickery now."

**All:**

"We will not fall for any political trickery now."

**Character 4:**

"With unity and focus,peace and prosperity, we will develop our Mother India

**All:**

"We will develop our Mother India."

**All:**

"Come, let us all vow..."

**All:**

"Victory to Mother India! Victory to Mother India!"

**Song:**

"Vande Mataram... Vande Mataram..." (Glory to Mother India)

# विभाजन एक विभीषिका

**आलेख : डॉ. प्रकाश झा**

| | | |
|---|---|---|
| दृश्य | : | एक आयोजन चल रहा है... |
| गीत | : | आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ, झाँकी हिंदुस्तान की...<br>इस मिट्टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम...<br>आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ, झाँकी हिंदुस्तान की...<br>इस मिट्टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम... |
| बच्चा | : | दादा जी... दादा जी आपने सुना ये लोग कितना अच्छा गा रहे हैं। |
| दादाजी | : | वंदे मातरम... वंदे मातरम... शब्द ही ऐसा है, |

| | | |
|---|---|---|
| | | जिसे बार बार गाने का, सुनने का मन करता है । |
| बच्चा | : | दादा जी... ये लोग आज ये गीत क्यों गा रहे हैं ? |
| दादाजी | : | ये लोग 14 और 15 अगस्त के आयोजन के लिए तैयारी कर रहे हैं । |
| बच्चा | : | दादा जी 15 अगस्त तो मैं जानता हूँ कि स्वतंत्रता दिवस है पर 14 अगस्त के लिए क्यों दादा जी ? |
| दादाजी | : | 14 अगस्त को हमारा देश विभाजित हुआ था, तो हम लोग उसे 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाते हैं । |
| बच्चा | : | हाँ दादा जी, ये 'विभाजन की विभीषिका' क्या है दादा जी ? |

| | | |
|---|---|---|
| दादाजी | : | विभाजन का मतलब नहीं समझते ? जब विभाजन का ही मतलब नहीं समझते तो विभीषिका का मतलब कैसे समझोगे ?<br><br>अरे बच्चों... यह देश हमारा पहले बहुत बड़ा था । पर, बाद में इसका विभाजन हो गया । |
| बच्चा | : | मतलब बाँट दिया गया ? |
| दादाजी | : | हाँ बाँट दिया गया लेकिन बाँटना... विभाजन अलग अलग होता है । मान लो तुम्हारे पास दस टॉफी है । उसे तुम्हें आपस में बाँटना है तो कैसे बाँटोगे ? पाँच – पाँच बाँट लोगे... अब सोचो कि तुम्हारे पास एक ही टॉफी है... तो क्या करोगे... |
| बच्चा | : | मैं उसे तोड़कर दो हिस्सों में बाँट दुंगी । |
| दादा जी | : | बच्चे... तोड़ना... उसे खण्डित खण्डित कर देना कर... यही विभाजन होता है । और इससे जो |

| | | |
|---|---|---|
| | | पीड़ा उपजती है... जो तकलीफ होती है वही विभीषिका है । |
| बच्चा | : | दादा जी... यह विभाजन तो समझ में आ गया... लेकिन यह विभीषिका... विभाजन ... विभीषिका... |
| दादा जी | : | चलो बताता हूँ... |
| गीत | : | आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ, झाँकी हिंदुस्तान की...<br>इस मिट्टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम...<br>आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ, झाँकी हिंदुस्तान की...<br>इस मिट्टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम... |

| | | |
|---|---|---|
| बच्चा | : | दादा जी... हमें अच्छी तरह से बताइये न... कि यह विभाजन कैसे हुआ था । |
| दादा जी | : | बताता हूँ... बताता हूँ... विभाजन के बारे में... अपने देश के विभाजन के बारे में बताता हूँ... ध्यान से सुनो... विभाजन के बारे में इतिहासकारों का जो दृष्टिकोण है, उसे गौर से सुनो... ध्यान देकर सुनो और उसे समझने की कोशिश करो... । हमारे देश को धर्म के नाम पर दो हिस्सों में बाँट दिया गया । लाखों लोग इस पार से उस पार भागने लगे । चारों तरफ भगदड़ मच गयी । लाखों लोग बेघर हो गए... |
| गाना | : | है प्रीत जहाँ की रीत सदा<br>है प्रीत जहाँ की रीत सदा<br>मैं गीत वहाँ के गाता हूँ<br>भारत का रहने वाला हूँ<br>भारत की बात सुनाता हूँ |

| | | |
|---|---|---|
| | | है प्रीत जहाँ की रीत सदा |
| सूत्रधार एक | : | अखण्ड भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक काला इतिहास है। |
| सूत्रधार दो | : | यह एक ऐसी घटना है, जिसमें लाखों लोग अजनबियों के बीच एकदम विपरित परिस्थिति में नया आशियाना तलाश रहे थे। |
| सूत्रधार एक | : | विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी के अतिरिक्त इस बात की भी कहानी है कि... |
| सूत्रधार दो | : | कैसे एक जीवन शैली तथा वर्षों पुराने सह – अस्तित्व का युग एकदम नाटकीय तरीके से समाप्त हो गया। |
| सूत्रधार एक | : | लगभग 60 लाख हिन्दू, सिख और अन्य सम्प्रदाय के लोग जिन क्षेत्र से निकल आए, जो |

| | | |
|---|---|---|
| | | बाद में पश्चिमी पाकिस्तान बन गया। |
| सूत्रधार दो | : | 65 लाख मुसलमान पंजाब, दिल्ली और भारत के अनेक हिस्सों से पश्चिमी पाकिस्तान चले गए थे। |
| सूत्रधार एक | : | 20 लाख हिन्दू और अन्य सम्प्रदाय के लोग पूर्वी बंगाल, जो बाद में पूर्वी पाकिस्तान बना, उसको छोड़कर पश्चिम बंगाल आए। |
| सूत्रधार दो | : | 1950 में 20 लाख और हिन्दू और अन्य सम्प्रदाय के लोग पश्चिम बंगाल आए। |
| सूत्रधार एक | : | दस लाख मुसलमान पश्चिम बंगाल को छोड़ कर पूर्वी पाकिस्तान चले गए। |
| सूत्रधार दो | : | इस विभीषिका में मारे जाने वाले लोगों का आँकड़ा लगभग 5 लाख बताया जाता है। |
| सूत्रधार | : | लेकिन अनुमानत: यह आँकड़ा पाँच से 10 |

| | | |
|---|---|---|
| एक | | लाख के बीच का है। |
| सूत्रधार दो | : | कहा जाता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संभवत: सबसे बड़े पैमाने पर इस विभाजन के फलस्वरूप धर्म के नाम पर हत्याएँ हुईं। |
| सूत्रधार एक | : | सदियों पुराने सामाजिक ताने – बाने और विश्वास का संबंध टूटा। |
| गीत | : | आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>छूटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें।<br>छूटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें।<br>आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>छूटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें।<br>छूटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें। |
| बच्चा | : | दादा जी... इन लोगों का घर बार सब छीन |

| | | |
|---|---|---|
| | | लिया गया है। मुझे तो सुनकर ही डर लग रहा है। |
| दादा जी | : | यह डरने की बात तो है ही बच्चे... सोचो जो लोग उस वक्त रहे होंगे उन पर क्या गुजरी होगी ? |
| बच्चा | : | दादा जी... वहाँ तो मेरे जैसे बच्चे भी रहे होंगे... उनका क्या हाल हुआ होगा ? |
| दादा जी | : | हाँ... तुम्हारे जैसे लाखों बच्चे थे, जिन्होंने उस दृश्य को अपनी आँखों देखा था और आज भी उस दृश्य को याद कर वे सिहर उठते हैं। |
| बच्चा | : | हमें और बताइए ना दादा जी... |
| दादा जी | : | बताता हूँ... तो सुनो बच्चा... |
| गीत | : | ये देखो बंगाल यहाँ का, हर चप्पा हरियाला है<br>यहाँ का बच्चा-बच्चा, अपने देश पे मरनेवाला |

| | | |
|---|---|---|
| | | है<br>आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ, झाँकी हिंदुस्तान की...<br>इस मिट्टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की...<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम |
| शिक्षक | : | सिट डाउन... |
| बच्चे | : | गुड मॉर्निंग सर... |
| शिक्षक | : | गुड मॉर्निंग |
| बच्चे | : | सर... सुनिए न... आप विभाजन के बारे में कुछ बता रहे थे... आपने कहा था कि बहुत कुछ गँवा दिया...अब आगे बताइए ना विभाजन के बारे में क्या हुआ... |
| शिक्षक | : | 20 फरवरी, 1947 को ब्रिटिश प्रधान मंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| | | क्लेमेंट एटली ने हाउस ऑफ कोमंस में यह घोषणा की थी... |
| बच्चा | : | सर... इसके आगे तो मैं बताती हूँ... मुझे भी मालूम है ... |
| शिक्षक | : | हाँ... बताओ... |
| बच्चा 1 | : | हाँ... तो दोस्तों... सरकार ने 30 जून, 1948 से पहले... |
| शिक्षक | : | अरे पूनम... वहाँ कहाँ... यहाँ आकर बताओ न सबको.. |
| बच्चा 2 | : | जी सर... <br> हाँ... तो दोस्तों... सरकार ने 30 जून, 1948 से पहले... सत्ता का हस्तांतरण कर भारत को छोड़ने का फैसला किया है। |
| बच्चा 3 | | सर मैं.. |

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षक | : | हाँ बताओ... |
| बच्चा 4 | : | हालाँकि पूरी प्रक्रिया को लॉर्ड माउंटबेटेन की वजह से एक साल पहले कर लिया गया था । |
| बच्चा 5 | : | हाँ सर... लॉर्ड माउंटबेटेन 31 मई, 1947 को लंदन से सत्ता के हस्तांतरण की मंजूरी लेकर नई दिल्ली लौटे थे । |
| बच्चा 6 | : | मुझे भी याद आया... 02 जून, 1947 की ऐतिहासिक बैठक में विभाजन की योजना पर मोटे तौर पर सहमति बनी थी । |
| बच्चा 7 | : | हाँ सर... भारत के विभाजन का निर्णय एक पूर्व शर्त की तरह था । भारत जैसे देश का विभाजन धार्मिक आधार पर हो इस योजना का व्यापक विरोध हुआ । |
| बच्चा 1 | : | ऐसा कहा जाता है कि इस विभाजन के लिए वे ही नेता मानसिक रूप से तैयार थे, जिन्हें इस |

| | | |
|---|---|---|
| | | विभाजन में अपना हित और उज्ज्वल भविष्य दिख रहा था। |
| शिक्षक | : | अरे वाह बच्चों... आपको तो बहुत सारी जानकारियाँ है... अब आगे की क्लास हम शुरु करें, उससे पहले हम एक छोटा सा ब्रेक ले लेते हैं... |
| सभी बच्चे | : | ठीक है सर... |
| गीत | : | वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम |
| सूत्रधार 1 | : | भाई, तुम्हारा विभाजन को लेकर क्या खयाल है? |
| सूत्रधार 2 | : | भाई, विभाजन को बढ़ावा देने से समाज में सुधार होगा। विभिन्न समुदायों को अपने- |

| | | |
|---|---|---|
| | | अपने अधिकार मिलेंगे । |
| सूत्रधार 1 | : | नहीं नहीं, विभाजन से ऐसा कुछ भी नहीं होगा, अरे एकता से ही समाज का विकास हो सकता है। हम सब को एक होकर समृद्धि की राह पर आगे बढना चाहिए । |
| सूत्रधार 2 | : | तुम्हारी बातें अच्छी हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि विभाजन से ही सब कुछ संभव होता है । |
| सूत्रधार 1 | : | नहीं नहीं... हम सबको मिलकर देश को प्रगति के पथ पर ले जाना चाहिए । और विभाजन की विभीषिका को मिटाना ही चाहिए । |
| सूत्रधार 2 | : | तुमको क्या लगता है... हम सब मिलकर यह संदेश अपना पाएंगे ? |
| सूत्रधार 1 | : | क्यों नहीं अपना पाएँगे... इसके लिए हम सबको एकजूट होकर रहना पड़ेगा और यह |

| | | |
|---|---|---|
| | | एकजूटता ही हमारी धरोहर है, इसे संजो कर रखना पड़ेगा। |
| सूत्रधार 2 | : | ठीक है, पर मुझे अखंड भारत के विभाजन के समय और क्या क्या हुआ वो तो बताओ... |
| सूत्रधार 1 | : | इसके बारे तो वही लोग तुम्हें बताएँगे, जिन्होंने इसे भोगा है... |
| गीत : | | वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम<br>वंदे मातरम, वंदे मातरम. |
| बच्चे | : | गुड आफ़्टर नून सर... |
| शिक्षक | : | गुड आफ़्टर नून... सिट डाउन... हाँ तो आगे चलें... तो आगे सुनो...<br>... अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की बैठक 9 जून, 1947 को नई दिल्ली के इम्पीरियल |

| | | |
|---|---|---|
| | | होटल में हुई थी । |
| बच्चा | : | भारतीय मुस्लिम लीग के साथ साथ उस समय कांग्रेस और अनेक नेताओं की अक्षमता या अनुचित महत्वाकांक्षाओं के कारण इस कदम का पुरजोर विरोध नहीं सो सका । कांग्रेस के नेता पं. जवाहर लाल नेहरू और मुस्लिम लीग के जिन्ना के आपसी द्वन्द का नतीजा देश को विभाजन के रूप में भोगना पड़ा । |
| बच्चा 1 | : | अच्छा... सर... सर... इसके आगे की बात फिर से मुझे मालूम है... |
| शिक्षक | : | अरी पूनम तुम को तो सब कुछ मालूम है... वैसे भी ज्ञान बॉंटने से बढता है... बॉंटो ज्ञान... |
| बच्चा 1 | : | दोस्तों... वहॉं विभाजन की मॉंग वाला प्रस्ताव लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ । |

| | | |
|---|---|---|
| बच्चा 2 | : | जिसके पक्ष में 300 और विरोध में मात्र 10 मत पड़े। |
| बच्चा 3 | : | देखते ही देखते भारत और पाकिस्तान दो हिस्सों में बँट गया। |
| बच्चा 5 | : | धर्म के आधार पर बंगाल का पूर्वी हिस्सा भी विभाजित होकर पाकिस्तान में शामिल हो गया था। |
| दादा जी | : | भारत के विभिन्न हिस्सों में 1946 और 1947 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की व्यापकता और क्रूरता पर कई जगह विस्तार से किताबों में लिखा गया है। वह 04 मार्च, 1947 का दिन था। पुलिस ने हिंदुओं और सिखों के एक जुलूस पर, गोली चला दिया। |
| सूत्रधार – 2 | : | देखते ही देखते 06 मार्च की सुबह तक अमृतसर, जालंधर, रावलपिंडी, मुल्तान और |

| | | |
|---|---|---|
| | | सियालकोट समेत पंजाब के सभी शहर दंगों के लपटों में घिर गए थे । |
| सूत्रधार – 1 | : | पंजाब की तुलना में बंगाल में दशकों तक जारी विस्थापन और पुनर्वास का रूप बिलकुल अलग ही था । |
| सूत्रधार – 2 | : | बंगाल के लोग बहुत ही अभागे थे... |
| सूत्रधार – 1 | : | क्यों... |
| सूत्रधार – 2 | : | क्योंकि... बंगाल के लोगों को दो – दो बार विस्थापन झेलना पड़ा था । |
| सूत्रधार – 1 | : | दो...दो... बार... |
| सूत्रधार – 2 | : | हाँ... दो...दो...बार ?? |
| सूत्रधार – 1 | : | एक बार तो उन सभी को अपना घर बार छोड़ कर पूर्वी पाकिस्तान जाना पड़ा .. |

| | | |
|---|---|---|
| सूत्रधार – 2 | : | फिर यहाँ से भाग कर उन्हें पश्चिम बंगाल आना पड़ा... |
| सूत्रधार – 2 | : | भाई... वहाँ के अधिकारियों ने विभाजन से उत्पन्न संकट की भयावहता को कम करके आँका... । |
| सूत्रधार – 1 | : | हजारों हजार हिंदू परिवार ढाका और उसके आस पास से भागकर सियालदह पहुँचे... |
| सूत्रधार – 2 | : | इतनी आसानी से नहीं पहुँचे... रास्ते में एक एक महिलाओं से उसके जेबर छीन लिए गए... उन्हें तरह तरह से प्रतारित किया गया... |
| सूत्रधार – 1 | : | बच्ची, महिलाओं, बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया... |
| सूत्रधार – 2 | : | क्या महिला, क्या बच्चे, क्या बूढे... सभी के साथ दुर्व्यवहार हुआ... |

| | | |
|---|---|---|
| सूत्रधार – 1 | : | हाँ यह सच है... विभाजन के दौरान महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। |
| सूत्रधार – 2 | : | लाखों परिवार अपने परिजनों से बिछड़ गए। |
| सूत्रधार – 1 | : | इतना ही नहीं वहाँ ट्रेन में तो लोग जिंदा चढ़े पर, यहाँ वह लाशों का ढेर बन कर पहुँचे... |
| | | **बच्चा रोने लगता है...** |
| दादा जी | : | रोते नहीं... चुप हो जाओ... |
| बच्चा | : | दादा जी... ढाका से आए उन लोगों का क्या हुआ ? जिनका सब कुछ लुट गया... |
| दादा जी | : | इसका भी अजब कहानी है बालक... कहा जाता है न... ना घर के रहे न घाट के... |
| बच्चा | : | ऐसा क्यों... ? |
| दादा जी | : | वे अपना घर बार छोड़कर जब दुबारा इस देश |

| | | |
|---|---|---|
| | | में आए... तो अपने ही घर में रिफ़्यूजी बन कर रह गए.. |
| गीत | : | आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>छुटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें ।<br>छुटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें । |
| पात्र 3 | : | पूर्वी पाकिस्तान से इतने लोग बंगाल आ गए कि किसी के घर में एक इंच जगह नहीं बची थी... अपने संबंधितों को रखने के लिए.. |
| पात्र 4 | : | पश्चिम बंगाल सरकार ने चटगाँव, नारायण गंज, बारीसाल और चांदपुर से शरणार्थियों को कलकत्ता लाने के लिए पंद्रह स्टीमरों की व्यवस्था की । |
| पात्र 3 | : | पूर्वी पाकिस्तान से लोगों ने जलमार्ग से पलायन किया था.. कई नावें... जल में डूब |

| | | |
|---|---|---|
| | | गए... कुछ दिन बाद पानी की सतह पर लाशें ही लाशे तैर रही थी... |
| पात्र 3 + 4 | : | ऐसा भी क्या ख़ास था, हमारे हिस्से की जमीन में...<br>जिसे हासिल के लिए हमसे हमारा सब छिन गया... |
| पात्र 3 | : | बंगाल, पंजाब, गुजरात, सिंध चारों ओर विभाजन की आग सुलग गई । |
| पात्र 4 | | सिंध के लोग तो विस्थापित होकर आ गए, पर.. सिंध हमें नहीं मिला... |
| सूत्रधार - एक | : | सिंध से याद आया – सबसे अधिक सिंधी परिवार राजस्थान में आए । |
| | | ( सिंधी परिवार के रूप में ) |
| सिंधी पुरुष | : | विभाजन के बाद पाकिस्तान से लाखों शरणार्थी |

| | | |
|---|---|---|
| | | भारत आए, और राजस्थान उन राज्यों में शामिल था जहाँ बड़े पैमाने पर शरणार्थी आए । |
| सिंधी महिला | : | राजस्थान में हम जैसे शरणार्थियों के लिए राहत और पुनर्वास की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती थी । |
| सिंधी पुरुष | : | हमारे आने से राजस्थान के सांस्कृतिक ताने-बाने में भी बदलाव आ गए । हम अलग अलग दिखने लगे । हमारी संस्कृति, भाषा और रीति-रिवाज सभी बदल गए । |
| सिंधी महिला | : | सिंध में कहाँ मैं बड़ा विजनेस मैं था । यहाँ अपने बच्चों को दो जून की रोटियाँ भी नसीब नहीं था । |
| सिंधी पुरुष | : | वहाँ मेरे सारे दुकान और घर – बार लूट लिया गया । |
| सिंधी | : | उस रात को हम कैसे याद करें बाबू... जब |

| | | |
|---|---|---|
| महिला | | अपने बच्चों को गोद में लेकर मैं भागी थी । |
| सिंधी पुरुष | : | दौड़ते - भागते, बचते बचाते अपने एक दूर के रिस्तेदार के घर कैसे कैसे राजस्थान के बिकानेर में पहुँचा । |
| सिंधी महिला | : | हमारे कई सगे संबंधी रास्ते में ही बिखरते चले गए, जिन्हें आज तक नहीं देख पाया । कुछ लोग झुंझुनु में रहे । |
| सिंधी महिला | : | वो भी बेचारे कितने दिन अपने साथ रख पाते । अंत में थक हार कर रिफ्यूजी कैम्प में ही आना पड़ा । हँसते खेलते परिवार, गाँव, शहर कैसे बर्बाद होता है, वो कोई हमसे पूछे... |
| बच्चा 4 | : | पाकिस्तान से लोग जम्मू काश्मिर की ओर भागे, पंजाब की ओर आए, गुजरात, बंगाल, राजस्थान की ओर लाखों की संख्या में आए... |
| | | **(दोनों चित्कार मार कर रोने लगते हैं)** |

| | | |
|---|---|---|
| गाना | : | आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>आँखों से बहते, ये दर्द की धारें<br>छुटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें ।<br>छुटी हुई ज़िंदगी, खोई हुई यारें । |
| बच्चा | : | दादा जी ... अब मुझे कुछ भी नहीं सुनना है... |
| दादा जी | : | हाँ; मेरे बच्चे... हमारे देश के इतिहास का यह काला अध्याय है ही ऐसा कि कोई भी सुन नहीं पाता है... हृदय विदारक घटना है... इसे सुनकर तो पत्थर दिल इंसान भी पिघल जाता है... तुम तो बच्चे हो...<br>अब हम तुम्हें वह बताते हैं जो अब हमें करना चाहिए । |
| सूत्रधार 1 + 2 | : | जहाँ जीवन की हर सुबह मुस्कान से पुलकित हो उठती थी...<br>वहाँ का मंज़र देख आँसू भी खून हो गए... |

| | | |
|---|---|---|
| पात्र 3 + 4 | : | ना है ज्यादा दर्द तेरे भार का कंधे पर... जब तौलता हूँ, उसे दहशत, जंग और क्रुरता से... |
| पात्र 1 | : | विभाजन की विभीषिका में अपने प्राण गँवाने वाले तथा विस्थापन का दर्द झेलने वाले लाखों भारत वासियों को शत शत नमन... |
| पात्र 2: | | भारत की एकता और अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। |
| पात्र 3 | : | विभाजन के लिए सियासी खेल में, एक भाई के खिलाफ दूसरे भाई के दिमाग में जहर भरा गया। |
| पात्र 4 | : | इस जहर से तो इंसान ने ही इंसान को कटा, इंसान ने ही इंसान बँटा, इंसान ने ही इंसान को खोया। और हमारा अखण्ड भारत खंडित हुआ |

| | | |
|---|---|---|
| | | । |
| दादा जी | : | जो हुआ सो हुआ... सुनो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने क्या कहा है : |
| प्रधानमंत्री जी की आवाज़ | : | देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता । नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्तापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी । उन लोगों के संघर्ष और बिलदान की याद में 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाने का निर्णय हमने लिया है । |
| पात्र 1 | : | हमारे बीच यदि कोई छल धर्म और जात को लेकर छल करे, या कोई प्रपंच करे.. हमें बहकावे में नहीं आना है... |
| सभी | : | हमें बहकावे में नहीं आना है... |
| पात्र 1 | : | भारत देश को अखण्ड रखना है । |

| | | |
|---|---|---|
| सभी | : | भारत देश को अखण्ड रखना है । |
| पात्र 4 | : | अब हम किसी सियासी झाँसे में नहीं आएँगे |
| सभी | | अब हम किसी सियासी झाँसे में नहीं आएँगे |
| पात्र 4 | : | अखण्डता और एकाग्रता के साथ सुख शांति के साथ अपनी भारत माता को विकसित बनाएँगे । |
| सभी | : | अपनी भारत माता को विकसित बनाएँगे । |
| | | हाँ आओ... हम सब प्रण करें... |
| | | भारत माता की जय... भारत माता की जय... |
| गीत | : | वंदे मातरम... वंदे मातरम...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम...<br>वंदे मातरम... वंदे मातरम... |